कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 27-01-2025

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम व स्नान घाटों का किया गया भ्रमण, दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन के दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

- **पुलिस आयुक्त ने महाकुंभ-2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ धाम और स्नान घाटों का भ्रमण कर दर्शनार्थियों को सहज, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन हेतु दिये निर्देश।**
- **पुलिस आयुक्त ने कतारबद्ध खड़े दर्शनार्थियों से लिया फीडबैक, मंदिर में दर्शनार्थियों के निर्बाध मूवमेन्ट को सुनिश्चित करने के लिए दिये निर्देश।**
- **महाकुंभ-2005 के पलट प्रवाह में वाराणसी आने वाले श्रद्धलुओं के वाहनों की पार्किंग हेतु विद्यालयों को अधिगृहित किया गया है एवं मार्ग में पड़ने वाले अन्य विद्यालयों एवं मैरिज लॉन को भी अधिगृहित करने के निर्देश दिये गये हैं। वाहनों की पार्किंग हेतु अधिगृहित किये गये विद्यालय-**
  1. **कमालकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय वाराणसी।**
  2. **सीएम एंग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज वाराणसी।**
- **दर्शनार्थियों से निरन्तर संवाद और मार्गदर्शन हेतु पुलिसकर्मी लाउड हेलर व पीए सिस्टम का करें उपयोग।**
- **भीड़ प्रबन्धन हेतु रस्सा पार्टी व अतिरिक्त बैरिकेडिंग लगाने के दिये गये निर्देश।**
- **महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत सुगम यातायात व्यवस्था हेतु बनायी गयी विशेष ट्रैफिक प्लान का हो कड़ाई से अनुपालन।**
- **अधिकारीगण पुलिसकर्मियों को मौके पर करें ब्रीफ, श्रद्धालुओं के साथ पुलिसकर्मी रखें विनम्र व सहयोगात्मक व्यवहार।**

आज दिनांक 27.01.2025 को **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल** द्वारा महाकुंभ-2025 काशी में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र व स्नान घाटों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अतिरिक्त बैरिकेडिंग बढ़ाने, यातायात प्रबन्धन के लिए ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सीटी, लाउड हेलर व रस्सा के साथ ड्यूटी व पुलिस की निरन्तर पेट्रोलिंग किये जाने के संदर्भ में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया

गया व दर्शनार्थियों के सहज, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन एवं मंदिर में लगातार मूवमेन्ट बने रहने के संदर्भ में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त(कानून एवं व्यवस्था) श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, सम्बन्धित अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।